भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2707
4 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

ओडिशा में रक्षा सरकारी उपक्रम (पीएसयू) की स्थापना

2707 प्रो. अच्युतानंद सामंत:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बोलनगीर, ओडिशा में एक आयुध निर्माणी फैक्टरी की मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का कंधमाल जैसे अविकसित क्षेत्र में एक प्रमुख रक्षा सरकारी उपक्रम (पीएसयू) या इसकी एक इकाई स्थापित करने का भी विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): मध्यम और उच्च क्षमता वाले गोलाबारुद के विनिर्माण हेतु ओडिशा के बोलनगीर जिला में वर्ष 1984 में एक आयुध निर्माणी की स्थापना की गई थी।

(ग) और (घ): जी, नहीं। भारतीय सशस्त्र सेनाओं और अन्य उपभोक्ताओं की वर्तमान मांगों को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों की मौजूदा क्षमता पर्याप्त है।

*****